एक नजर में

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर

भैरुंदा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का शुभारंभ मप्र पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम अध्यक्ष रवि मालवीय द्वारा किया गया. इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर सामाजिक सेवा का संदेश दिया. शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने रक्तदान कर लोगों को भी प्रेरित किया. कार्यक्रम में जितेन्द्र गौड़, मारूति शिशिर, आशीष शर्मा, चंदकांत खंडेलवाल, राजेश लखेरा, कपिल खंडेलवाल, रितेश मकवाना सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.

विद्यार्थियों ने लिया ओजोन परत के संरक्षण का संकल्प

सीहोर. पीएमश्री महाविद्यालय में विश्व ओजोन दिवस का आयोजन किया गया. वनस्पति शास्त्र विभाग, इको क्लब एवं रासेयो के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ओजोन परत के महत्व और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को ओजोन परत के क्षरण, इसके मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव और संरक्षण के उपायों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई. इसके साथ ही विद्यार्थियों को ओजोन परत एवं पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई गई. परिसर में पौधारोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया गया.

विधायक राय के नेतृत्व में युवा मोर्चा ने किया रक्तदान

सीहोर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल में जरुरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान किया. रक्तदान शिविर का शुभारंभ विधायक सुदेश राय, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीताराम यादव, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, नगर अध्यक्ष सुनील राय, सुदीप प्रजापति, विधानसभा ब्लड डोनेट प्रभारी नट्टू राठौर के द्वारा किया गया. विधायक सुदेश राय ने रक्तदान शिविर में कार्यकर्ताओं, नागरिकों, युवाओं को संबोधित किया. इस अवसर पर विधायक राय ने जिला अस्पताल में मरीज और उनके परिजनों से भी चर्चा की और अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी प्राप्त की.

कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान का किया शुभारंभ

इछावर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस शासकीय स्नातक महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानंद करियर सेल के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष नवाचार के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की पूर्णत: नि:शुल्क तैयारी करवाने का निर्णय लिया गया. स्नातक स्तर के नियमित विद्यार्थी पंजीयन करवाकर इसका लाभ ले सकते हैं. पंजीयन की अंतिम तिथि 19 सितंबर है. प्राचार्य डॉ. सुनीता यादव एवं स्वामी विवेकानंद करियर सेल प्रभारी मुकेश शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ. इस अवसर पर विनीत शर्मा, डॉ. कलावती गडरिया सहित स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.

स्कूली बच्चों ने मुखौटा लगाकर काटा केक

सीहोर. गुरुवार को ग्वालटोली शासकीय हाई स्कूल में बच्चों ने पीएम के चेहरे के मुखौटे लगाकर खुशियां मनाई और केक काटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेलिब्रेट किया. विधायक सुदेश राय ने शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्कूल परिसर में पौधारोपण किया. विधायक सुदेश राय ने बच्चों को सेवा सुशासन और विकसित भारत के संकल्प की दिशा में प्रधानमंत्री के 25 वर्ष के अबतक के कार्यकाल के दौरान किए गए देश हित में कार्यों की जानकारी दी. इस दौरान बच्चों को उपहार और चॉकलेट का वितरण कर स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया. कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीताराम यादव, राजकुमार गुप्ता, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, सुदीप प्रजापति, डॉ. गगन नामदेव, पंडित संतोष शर्मा आदि उपस्थित थे.

अनुमति के फेर में फंसे झूले, फीका पड़ा मेला

प्राचीन गणेश मंदिर में दस दिवसीय मेले का चौथा दिन भी झूला संचालकों के लिए मायूसी भरा रहा

सीहोर. गणेश मंदिर परिसर में लगे झूलों के संचालन की अनुमति नहीं मिलने से झूलों के आसपास अंधेरे का माहौल बना हुआ है.

नवभारत न्यूज

सीहोर 17 सितंबर. दस दिवसीय गणेशोत्सव के साथ नगर के प्राचीन श्रीगणेश मंदिर परिसर में हर साल की तरह मेला शुरू हो गया है, लेकिन इस बार मेले में बच्चों और परिवारों के मनोरंजन का प्रमुख आकर्षण झूले नजर नहीं आ रहे हैं. प्रशासन द्वारा झूला संचालकों को अनुमति नहीं दिए जाने से जहां संचालकों में मायूसी है, वहीं मेले में आने वाले लोगों को भी बिना झूलों के मेला फीका लग रहा है. खास बात यह है कि मेला शुरू हुए चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन झूला संचालक अब भी अनुमति मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं.

- प्रशासनिक अधिकारी बयान देने से बच रहे
- मेले में झूलों को अनुमति नहीं मिलने से मेले का रंग फीका

नगर के प्राचीन श्रीगणेश मंदिर परिसर में गणेशोत्सव के अवसर पर लगने वाला पारंपरिक मेला इस बार भी शुरू हो गया है. दस दिवसीय गणेशोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. मेले में दुकानें सज गई हैं और चहल-पहल भी दिखाई देने लगी है, लेकिन हर साल बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहने वाले बड़े-बड़े झूले इस बार अब तक शुरू नहीं हो सके हैं.

झूला संचालकों का कहना है कि वे मेले की तैयारियों को लेकर दूर-दराज के शहरों से अपने भारी-भरकम झूले ट्रकों में लादकर यहां लेकर पहुंचे हैं. झूलों को मंदिर परिसर में लाने, ट्रांसपोर्ट का भाड़ा देने और उन्हें निर्धारित स्थान पर फिट करने में हजारों रुपए खर्च हो चुके हैं. इसके बावजूद प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण झूले खड़े हैं और संचालक इंतजार कर रहे हैं.

संचालकों का कहना है कि यदि प्रशासन को झूलों के संचालन की अनुमति नहीं देनी थी तो इसकी जानकारी पहले ही दे दी जाती. इससे वे झूले लाने और उन्हें लगाने में होने वाले खर्च से बच सकते थे. अब मेला शुरू होने के बाद अनुमति नहीं मिलने से उनका पैसा भी फंस गया है और रोजाना होने वाले संभावित कारोबार का नुकसान अलग है.

इस मामले में जब हमारे द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तन्मय वर्मा से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि गणेश मंदिर परिसर में लगाए गए झूलों की अनुमति मैं नहीं देता हूं, वहीं सीएसपी डाक्टर अभिनंदना शर्मा का कहना है कि हमसे सिर्फ अभिमत मांगा जाता है जो थाने से एसडीएम कार्यालय पहुंचाया जा चुका है उसके आधार पर एसडीएम अपने विवेक अनुसार अनुमति देते हैं. ऐसे में प्रशासनिक हीला- हवाली ने गरीब झूला संचालकों की कमर ही तोड़ दी है. वह अब अपना सामान समेटने की तैयारी में हैं.

झूला संचालक ही नहीं बच्चों में भी मायूसी

उधर, मेले में पहुंच रहे लोगों का कहना है कि गणेशोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में लगने वाला मेला बच्चों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहता है. बड़े झूले, बच्चों के मनोरंजन के साधन और खान-पान की दुकानों के कारण मेले में पूरे परिवार के साथ लोग पहुंचते हैं. इस बार झूले नहीं होने से मेले की रौनक पहले जैसी नजर नहीं आ रही है. बच्चों में भी मायूसी नजर आ रही है. मेला शुरू होने के चौथे दिन भी झूला संचालक अनुमति की आस लगाए बैठे हैं. अब सभी की निगाह प्रशासन के अगले निर्णय पर टिकी है. यदि अनुमति मिलती है तो झूले शुरू होने के बाद मेले की रौनक लौट सकती है, वहीं अनुमति नहीं मिलने की स्थिति में संचालकों के सामने आर्थिक नुकसान का संकट और गहरा सकता है.

श्रद्धा से मना विश्वकर्मा का पूजन महोत्सव

आष्टा. श्री विश्वकर्मा जन कल्याण समिति द्वारा श्री विश्वकर्मा पूजन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा राधा कृष्ण मंदिर पर हवन, पूजन एवं भगवान की महाआरती का आयोजन किया गया.इस दौरान समाजजनों द्वारा नगर के मुख्य मार्गो से वाहन रैली निकाली गई. जिसका समापन जावर जोड़ धर्मशाला स्थल पर हुआ वहीं पर प्रसाद वितरण किया गया. इस दौरान अनेक संगठनों द्वारा रैली का स्वागत किया गया. इस अवसर पर समाज अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल, प्रदेशाध्यक्ष मनोहर विश्वकर्मा सहित समाजजनों की उपस्थिति में सर्वसहमति से गिरिराज विश्वकर्मा को उत्सव समिति अध्यक्ष, सुनील विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष, भगवत सिंह विश्वकर्मा को जावर धर्मशाला कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं श्रीमती कुसुम को श्री विश्वकर्मा महिला मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया. इस मौके पर समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चों सहित नागरिक मौजूद थे.

आंगनबाड़ी से ही पड़ती बच्चों में स्कूली नींव

नवभारत न्यूज

सीहोर 17 सितंबर. विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा राय द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कौशल प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया.

प्रदर्शनी में परियोजना विकासखंड अंतर्गत आने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा पोषण आहार रेसिपी के स्टॉल लगाए गए. साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं के द्वारा बनाए जाने वाली विभिन्न सामग्रियों को भी प्रदर्शनी में रखा गया. विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा राय ने सेल्फी पॉइंट में फोटो लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया. वहीं समाजसेविका श्रीमती अरुणा राय ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र से ही बच्चों के स्कूल जाने की नींव मजबूत होती है यहीं पर अगर उन्हें सही पोषण आहार मिल जाता है तो बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास तीव्र गति से होता है. आंगनबाड़ियों में बच्चों को पर्याप्त पोषण और प्रारंभिक देखभाल से ही बच्चों के मस्तिष्क का सही विकास हो सकता है और संतुलित आहार से सही विकास बेहतर शिक्षा स्वास्थ्य भविष्य को उज्ज्वल बनताा है. आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रस्तुत पोषक रेसिपी बच्चों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी.

ऑक्सफोर्ड के छात्रों ने विशेषज्ञों से लिया मार्गदर्शन

- कॅरियर, लक्ष्य व व्यक्तित्व को लेकर किया संवाद
- एनसीईआरटी शोध के तहत छात्रों को दिया मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज

सीहोर 17 सितंबर. दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी के शोध कार्यक्रम भारत के विद्यालयों में मार्गदर्शन एवं परामर्श की प्रथाएं एक स्थिति अध्ययन के अंतर्गत साक्षात्कार एवं सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया.

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं परामर्शदाता से संवाद कर मार्गदर्शन एवं परामर्श की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की.

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय अध्यक्ष अधिवक्ता जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन एवं विद्यार्थियों द्वारा एनसीईआरटी शोध दल के सदस्यों डॉ. नवीन कुमार मोक्टा, डॉ. नेहा रानी, डॉ. अनिता बड़गुर्जर, डॉ. मंगलेश जायसवाल, बीएस ठाकुर एवं योगिता लोधी के स्वागत से हुई. विद्यालय बैंड दल के साथ अतिथियों का अभिनंदन किया गया. संस्था अध्यक्ष एड.जॉली कुरियन ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में परामर्श की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए शोध दल को विद्यालय की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया. शोध दल ने प्राचार्य, परामर्शदाता, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के साथ समूह चर्चा की. विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण, लक्ष्य निर्धारण, भविष्य की योजना एवं व्यक्तित्व विकास को लेकर मार्गदर्शन दिया

रक्तदान के माध्यम से मानव सेवा का संकल्प मजबूत

नवभारत न्यूज

सीहोर 17 सितंबर. प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर जिले में सेवा संकल्प अभियान के तहत जनभागीदारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है.

इसी क्रम में जिला अस्पताल तथा भैरूंदा अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए. जिसमें अनेक नागरिकों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया.

रक्तदान करने वाले गगन नामदेव, प्रितेश राठौर तथा प्रबल सहित अनेक नागरिकों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान करना उनके लिए विशेष अनुभव है. रक्तदान के माध्यम से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाने में योगदान देना समाज सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है. नियमित स्वैच्छिक रक्तदान से अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है. सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इन रक्तदान शिविरों ने सेवा, संवेदना और जनभागीदारी का संदेश दिया. नागरिकों ने रक्तदान के माध्यम से मानव सेवा के संकल्प को मजबूत करते हुए जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने का संकल्प व्यक्त किया.

जिला चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान शिविर में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीताराम यादव, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया.

जैन मंदिर में दसलक्षण महापर्व का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

शाहगंज 17 सितंबर. श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा दस दिवसीय दसलक्षण महापर्व का शुभारंभ हो गया है.

पंचमी से प्रारंभ होकर अनंत चतुर्दशी तक चलने वाले इस पर्व को लेकर शांति नाथ दिगंबर जैन मंदिर में विशेष तैयारियां की गई हैं. पर्व के दौरान प्रतिदिन अभिषेक, पूजन एवं विधान के साथ रात्रि में आरती, प्रवचन और भजन के आयोजन होंगे. दसलक्षण महापर्व के दौरान समाजजन धर्म और आध्यात्मिक साधना में समय व्यतीत करेंगे. श्रद्धालु व्रत एवं उपवास रखेंगे, जबकि कुछ श्रद्धालुओं द्वारा निर्जला व्रत भी किया जाएगा. पर्व के दौरान श्रद्धालु मंदिर, उपाश्रय एवं धार्मिक स्थलों पर पूजा-पाठ और स्वाध्याय करते हैं.

21 अक्टूबर को पैदल निशान यात्रा

सीहोर. क्षेत्र की सुख समृद्धि और मंगल कामना के लिए मंडी निवासी दिनेश राठौर द्वारा मंडी से श्री रुणिचा धाम इछावर तक बाबा रामदेव पैदल निशान यात्रा निकाली जाएगी. दिनेश राठौर ने बताया कि भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष तेजा दशमी 21 अक्टूबर को मंडी प्रात: 7 यात्रा का श्रीगणेश किया जाएगा. रुणिचा धाम के गुरुदेव पं. आनंद मोहन शुक्ला की उपस्थिति में ध्वजा चढ़ाई जाएगी.

बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर 4 .54 लाख की ठगी

नवभारत न्यूज

सीहोर 17 सितंबर. बिजली बिल का भुगतान अपडेट कराने और कनेक्शन कटने से बचाने का झांसा देकर एक 67 वर्षीय व्यक्ति के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है. वैशाली नगर निवासी अनिल कुमार जैन ने कोतवाली थाने में शिकायत देकर कार्रवाई और ठगी की राशि वापस दिलाने की मांग की है. शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला जांच में लिया है.

वैशाली नगर निवासी अनिल कुमार जैन ने 1 सितंबर को बिजली कनेक्शन नंबर का बिल 11.19 बजे ऑनलाइन भुगतान किया था. दोपहर करीब 12.03 बजे उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया. उसने खुद को हरेंद्र कुमार बताते हुए कहा कि बिजली बिल का भुगतान करने के बाद भी राशि अपडेट नहीं हुई है. इसके चलते बिजली कनेक्शन काटा जा सकता है. कथित आरोपी ने व्हाट्सऐप पर बिल की फाइल भेजने और उसे अपडेट कराने की बात कही. आरोपी के कहने पर उन्होंने व्हाट्सऐप पर भेजी गई जानकारी के आधार पर प्रक्रिया पूरी की. इसके बाद उनके बैंक खाते से 55,307 रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गए. कुछ समय बाद मोबाइल पर बैंक के संदेश आने पर उन्हें खाते से हुई संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली. अनिल कुमार जैन ने शिकायत में बताया कि उनके और उनकी पत्नी के क्रेडिट कार्ड से भी बिना अनुमति के 96,952.15 रुपए और 2,07,034.15 रुपए के लेनदेन किए गए. इसके अलावा 1,49,551 रुपए की राशि यूपीआई के माध्यम से निकाले जाने का भी उल्लेख शिकायत में किया गया है. इस तरह शिकायत के अनुसार कुल करीब 4.54 लाख रुपए की अनधिकृत लेनदेन के जरिए ठगी हुई.

श्री जैन ने बैंक खातों और क्रेडिट कार्ड से हुए लेनदेन के स्क्रीनशॉट पुलिस को उपलब्ध कराते हुए मामले की जांच की मांग की है. उन्होंने पुलिस से ठगी की राशि वापस दिलाने और दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है. पुलिस मामले में संबंधित मोबाइल नंबर, बैंक खातों और लेनदेन की जानकारी के आधार पर जांच कर रही है.

5100 दीपों से जगमगाया सीवन तट

- पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा कार्यों की श्रृंखला
- कोतवाली चौराहे से पुराने बस स्टैंड तक सफाई अभियान

नवभारत न्यूज

सीहोर 17 सितंबर. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शहर में विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया. नगर में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर और आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया गया.

इस दौरान कोतवाली चौराहे से लेकर पुराने बस स्टैंड तक अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई. युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. शाम को सीवन नदी तट पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान 5100 दीप प्रज्वलित कर सीवन नदी घाट को रोशन किया गया. कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में दीपों की रोशनी से नदी तट का दृश्य आकर्षक नजर आया. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र में विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों के कारण देश प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है. वहीं विधायक सुदेश राय ने कहा कि भारत वर्तमान में दुनिया की प्रमुख व तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है. देश वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में भूमिका मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है.

कार्यालय नगर पालिका परिषद सीहोर जिला सीहोर (म. प्र.)

ई-निविदा सूचना
मध्य प्रदेश शासन
प्रथम आमंत्रण

एन.आई.टी. संख्या /4076 / पीडब्ल्यूडी शा./ ई टेंडर / 2026 सीहोर दिनांक 17.09.

निम्नलिखित निर्माण हेतु ठेकेदार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडों को पूरा करती हो ऑनलाईन बोली आमंत्रित हैं।

क्र.	क्र.सं./पैकेज	आपूर्तियां	संभावित राशि	अमानत राशि	निविदा शुल्क	समय अवधि
1.	2026_UAD_536892_1	PROCUREMENT OF BEAUTIFCATION WORK COLLECTRATE ROAD WARD 08	3357653/-	26000/-	5000/-	1 माह

1- इच्छुक बोलीदाता वेबसाईट http://mptenders:gov.in पर NIT देख सकते हैं। 2- बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक दिनांक 18.09.2026 प्रात:11.00 बजे से 19.10.2026 सायं 17:30 तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं। 3- NIT में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।

विकास प्रिंस राठौर
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सीहोर

सुधीर कुमार
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीहोर